हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 गांव-बस्ती चलो अभियान से लाभान्वित...



12 सरोना मंडल ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान में जनसंपर्क...





# चारामा में सड़क निरीक्षण से खुली लापरवाही की पोल, अधिकारियों को नोटिस

## गड्ढों से यातायात बाधित और गंभीर सड़क दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के गुणवत्ता मुख्य अभियंता हरिओम शर्मा द्वारा 11 अप्रैल को चारामा विकासखंड के अंतर्गत पूरी से मैनखेड़ा मार्ग का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान सड़क संधारण कार्यों में भारी लापरवाही उजागर हुई, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है।

निरीक्षण के समय मुख्य अभियंता ने सड़क की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे (पॉटहोल्स) पाए गए, जिनमें एक बड़ा गड्ढा सड़क के बीचों बीच स्थित था। यह गड्ढा न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहा था, बल्कि गंभीर सड़क दुर्घटना का भी संकेत दे रहा था। इस स्थिति को देखकर मुख्य अभियंता ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर उपस्थित कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता को फटकार लगाते हुए इसे घोर लापरवाही करार दिया। उन्होंने तुरंत दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए सख्त चेतावनी भी दी। मुख्य अभियंता की सख्ती का असर तुरंत देखने को मिला। संबंधित सहायक अभियंता ने तत्काल ठेकेदार से संपर्क कर सड़क की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कराया। बड़े गड्ढे को भरकर सड़क को समतल किया गया। इसके साथ ही सड़क किनारे लगे संकेतक बोर्डों को ▶▶|शेष पेज 10 पर





### कठोर कार्रवाई की जाएगी

मुख्य अभियंता हरिओम शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क संधारण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अन्य सड़कों पर भी इसी तरह की अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## समस्या : ईरान-इजरायल तनाव में सप्लाई बाधित होने से बढ़ी किल्लत

# तपती धूप में सिलेंडर के लिए लंबी कतार तीन घंटे इंतजार के बाद भी राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सुबह की धूप चढ़ने से पहले ही लोग घरों से हाथ में बुकिंग पर्ची, चेहरे पर चिंता और मन में एक ही सवाल "आज सिलेंडर मिलेगा या नहीं?" को लेकर निकल पड़े, लेकिन गैस एजेंसी के बाहर लगी लंबी कतार ने उम्मीदों को थका दिया। दो से तीन घंटे इंतजार के बाद भी नंबर आना लोगों के लिए राहत नहीं, बल्कि मजबूरी बन गया है। इसके अलावा बायोमेट्रिक ई-केवायसी न कराने पर सिलेंडर या सब्सिडी रुक सकती है।

■ नए नियम और सप्लाई की कमी ने बढ़ाई आम लोगों की परेशानी

कांकेर शहर में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर इन दिनों भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है। हालात ऐसे बन गए हैं कि जो सिलेंडर पहले बुकिंग के कुछ ही समय बाद आसानी से मिल जाया करता था, अब उसे पाने के लिए उपभोक्ताओं को घंटों लंबी कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है। कांकेर शहर में शनिवार 11 अप्रैल को नए बस स्टैंड के पास स्थित गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जो धीरे-धीरे बढ़ते हुए सड़क तक पहुंच गई। जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव और उसमें अमेरिका के कूदने की स्थिति का असर अब स्थानीय बाजारों पर भी दिखाई देने लगा ▶▶|शेष पेज 10 पर



### तीन से चार घंटे लग जाते हैं

*लाइन में खड़े उपभोक्ताओं में जवाहर वार्ड के निवासी रविंद्र नामदेव ने बताया कि सुबह 8 बजे से लाईन में लगे थे और तीन घंटे बाद11 बजे सिलेंडर मिला। माहुरबंद निवासी पिंटू मरकाम ने बताया कि सुबह 9 बजे से लाइन में लगे है और 11 बज गया है, अभी तक नंबर नहीं आया है। गढ़पिछवाड़ी निवासी धनेश्वर भंडारी ने बताया कि सुबह 9 बजे से, श्रीरामनगर निवासी चंदू साहू ने बताया कि सुबह साढ़े 9 बजे से और गोविंदपुर निवासी शत्रुघन दास ने बताया कि सुबह 10 बजे से लाइन में लगे है, पता नहीं कब नंबर आयगा। कई लोगों ने बताया कि उन्हें अपना नंबर आने के लिए कम से कम 3 से 4 घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है।*

### आम आदमी हो रहा परेशान

एक उपभोक्ता ने नाराजगी जताते हुए कहा, "पहले तो ऑनलाइन बुकिंग करते ही दो-तीन दिन में सिलेंडर घर पहुंच जाता था, लेकिन अब हालात इतने खराब हो गए हैं कि हमें खुद लाइन में लगकर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। यह व्यवस्था आम आदमी के लिए बेहद कठिन है।" वहीं एक अन्य महिला उपभोक्ता ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में छोटे बच्चों के साथ लाइन में खड़ा रहना बेहद मुश्किल हो जाता है, लेकिन मजबूरी के चलते उन्हें ऐसा करना पड़ रहा है।

### अचानक बढ़ी मांग के कारण हो रही दिक्कत

इंडेन गैस एजेंसी प्रबंधन टिकेंद्र प्रताप दुग्गा का कहना है कि सप्लाई में कमी और अचानक बढ़ी मांग के कारण यह स्थिति बनी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जैसे ही आपूर्ति सामान्य होगी, स्थिति में सुधार किया जाएगा। हालांकि, उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें राहत के लिए ठोस कदमों की जरूरत है, केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा।

# तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान भालू के हमले से युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



क्षेत्र के उरपांजूर जंगल में भालू के हमले से एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में भय और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। ग्राम बड़ेपराली निवासी सोनसाय आंचला अपने तीन साथियों के साथ 11 अप्रैल को तेंदूपत्ता गड्डी बांधने के लिए रस्सी एकत्र करने जंगल गया हुआ था। सभी लोग अलग-अलग स्थानों पर रस्सी संग्रहण में लगे थे, तभी अचानक घटनास्थल पर भालू पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शी रमेश पोटाई और कोलू सलाम ने बताया कि उस समय कुत्तों का एक झुंड भालू को दौड़ाते हुए उनकी ओर ले आया। अचानक सामने आए भालू को देखकर सभी घबरा गए और अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। तीनों साथी किसी तरह सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में सफल रहे, लेकिन सोनसाय आंचला खुद को नहीं बचा पाया। भालू बेहद आक्रामक था और उसने सोनसाय पर हमला कर दिया। हमले के दौरान भालू ने उसके सिर पर गंभीर चोट पहुंचाई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद साथियों ने तत्काल परिजनों और पुलिस थाना बड़गांव को इसकी जानकारी दी। रात में ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और शव को ट्रैक्टर के माध्यम से बड़गांव लाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस घटना के बाद उरपांजूर और आसपास के जंगल क्षेत्रों में भालू की मौजूदगी को लेकर लोगों में भारी दहशत फैल गई है। वन विभाग ने तत्काल अलर्ट जारी करते हुए ग्रामीणों से जंगल में न जाने की अव्हान किया। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि कहीं भालू दिखाई दे तो उससे छेड़छाड़ न करें और तुरंत संबंधित अधिकारियों को जानकारी दें।

# साहू समाज के महाधिवेशन में निकाली शोभायात्रा, किया विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा का वार्षिक महाधिवेशन रविवार 12 अप्रैल को ग्राम मुसुरपुट्टा स्थित मंगल भवन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में सामाजिक एकजुटता, कुरीतियों के उन्मूलन और शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भक्तिमय माहौल में माता कर्मा की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा में समाज की माताएं एवं बहनें पारंपरिक परिधानों में उत्साह के साथ शामिल हुईं। महाधिवेशन के दौरान विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें समाज के युवाओं ने अंतरजातीय विवाह और पूर्ण शराबबंदी जैसे ज्वलंत विषयों पर अपने प्रखर विचार रखे। वक्ताओं ने समाज को नशामुक्त बनाने और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का संकल्प लिया। गणेश राम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी ने समाज की एकता को प्रगति का आधार बताते हुए सभी को संगठित रहने का संदेश दिया संजुगोपाल साहू अध्यक्ष भाजयुमो व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत ने कहा कि साहू समाज आज शिक्षा, कृषि और राजनीति के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। यह एक प्रगतिशील समाज है जो निरंतर विकास पथ पर अग्रसर है। काजुराम साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष उन्होंने समाज के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एकजुटता पर बल दिया। सम्मेलन ▶▶|शेष पेज 10 पर

# ताला तोड़कर दुकान से 27 हजार के समान की चोरी, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शहर के सेन चौक के पास स्थित पान मसाला कि दुकान में रात को चोरी का मामला सामने आया था। चोरो ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ला व दुकान के समानों कि चोरी किया था। चोरी की जानकारी दुकान संचालक को सुबह होते ही थाना में शिकायत दर्ज कराया। पुलिस ने तत्परा दिखाते हुए दो चोर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से समान भी जप्त किया।

■ चोरी के सामान आरोपी से बरामद

आरोपी शिवा बाल्मिकी के विरूद्ध थाना कांकेर में दुष्कर्म, हत्या के प्रयास, मारपीट, चोरी जैसे अन्य कई अपराध दर्ज हैं एवं थाना कांकेर में गुण्डा बदमाश की सूची में नाम दर्ज हैं एवं आरोपी भरत साहू के विरुद्ध भी कई अपराध दर्ज हैं, जो पूर्व में कई दफे जेल जा चुका है। दोनों के विरुद्ध कांकेर पुलिस द्वारा सख्त वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपी टिकरापारा कांकेर निवासी 26 वर्षीय शिवा बाल्मिकी पिता स्व. तिजू राम और एमजी वार्ड कांकेर निवासी 24 वर्षीय भरत साहू पिता स्व. सदाराम साहू के कब्जे से सिगरेट, पान पराग, मसाला एवं खाने पीने का समान बरामद किया गया। चोरी की शिकायत लेकर थाना पहुंचे मिलन देवांगन ने पुलिस को बताया था कि 9 अप्रैल को रात 10 बजें दुकान बंद करके अपने घर संरगपाल चला गया था। दूसरे दिन 10 अप्रैल को सुबह लगभग 10 बजे अपने दुकान में आकर देखा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था और दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरा भी टुटा हुआ था। दुकान में रखे सिगरेट पान मसाला व सामानो एवं गल्ले में रखे नगद के साथ कुल 27 हजार 50 रूपएं को अज्ञात चोर द्वारा चोरी किया गया। मामले कि गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल कांकेर एवं थाना कांकेर की संयुक्त रूप से एक विशेष टीम गठित की गई। टीम के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों का अवलोकन किया गया एवं साइबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त किया ▶▶|शेष पेज 10 पर

## नरहरपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अंतरराज्यीय तस्करी की आशंका

# 33 लाख का गांजा जब्त, ड्राइवर ओडिशा पासिंग कार छोड़कर भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




जिले में चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत नरहरपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 67 किलो से अधिक अवैध गांजा के साथ एक क्रेटा वाहन को जब्त करते हुए कुल 43.69 लाख रुपए के माल का खुलासा किया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान वाहन चालक दुर्घटना कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश तेज कर दी गई है।

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन में जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 11 अप्रैल को थाना नरहरपुर को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा नंबर की एक क्रेटा कार ओडी 10 जे 3344 में अवैध गांजा भरकर भारतमाला रोड से डिब्बीपानी की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन को रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ग्राम डिब्बीपानी के पास दुर्घटना कर दी और वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन की तलाशी ली, जिसमें तीन बोरियों में भरे 13 पैकेट से कुल 67.380 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 33.69 लाख रुपए आंकी गई है, वहीं जब्त क्रेटा वाहन की कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा पुलिस को मौके से दो अतिरिक्त नंबर प्लेट यूपी 14 डीएल 4480 भी मिली हैं, जिससे मामले में अंतरराज्यीय तस्करी की आशंका जताई जा रही है। पूरी कार्रवाई के दौरान गवाहों की मौजूदगी में विधिवत जप्ती की प्रक्रिया पूरी की गई। इस मामले में थाना नरहरपुर में अपराध क्रमांक 83/2026 के तहत धारा 281 बीएनएस और 20 (बी) (2) (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है। फरार आरोपी की पतासाजी के लिए पुलिस की टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं। थाना प्रभारी सोमेश सिंह बघेल ने कहा कि उजियारा अभियान के तहत हमारी टीम लगातार अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इस मामले में बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है, जो अंतरराज्यीय तस्करी की ओर इशारा करता है। फरार आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कार्यवाही में यह रहे शामिल

कार्यवाही में दुधावा चौकी प्रभारी योगेंद्र वर्मा, उप निरी प्रेम शंकर ठाकुर, सउनि बुधारू राम मरकाम, पल्टु राम मंडावी, गौतम बिसेन, आरक्षक राजेश्वर सलाम, आर देवेंद्र नेताम, आर डोमार मरकाम, आर मिथलेश कोटपरिहा, आर महेश कोरेटी, आर राजेश भास्कर एवं आर नन्दकुमार वट्टी शामिल रहे।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से छात्र गंभीर परीक्षा देकर लौटते समय हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



चारामा थाना अंतर्गत ग्राम पिपरौद के पास भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से कोमा में चला गया है।

ग्राम पिपरौद निवासी परस राम तारम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका भतीजा तरुण तारम अपने दोस्त दीपेश कोला के साथ 21 मार्च को ओपन स्कूल की परीक्षा देकर चारामा से वापस घर लौट रहा था। सुबह करीब 11:30 बजे जब वे झिपाटोला के पास पहुंचे, तभी कांकेर की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के तुरंत बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए चारामा अस्पताल ले जाया गया, जहां तरुण के सिर पर गंभीर चोट होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद धमतरी के अस्पताल रिफर कर दिया गया। स्थिति में सुधार न होने पर उसे रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह वर्तमान में कोमा में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। वहीं दूसरे घायल दीपेश कोला का उपचार जिला अस्पताल कांकेर में किया गया, जिसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। परिजनों की शिकायत पर चारामा पुलिस ने अज्ञात वाहन और उसके चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस परिवार के बच्चों का एजुकेशनल टूर



**कांकेर।** पुलिस परिवार के 22 स्कूली बच्चों सहित जिले के पीएमश्री शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर तथा पीएमश्री स्कूल नरहरपुर के छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण अंतर्गत सभी छात्र छात्राओं को मां दंतेश्वरी विमानतल, जगदलपुर जिला बस्तर विजिट कराया गया। एयरफोर्स विंग कमांडर विवेक कुमार साहू एवं सहयोगी जूनियर वारंट ऑफिसर एवं प्रबंधन टीम के द्वारा बच्चों को अलग अलग ग्रुप में बांटकर एयर फोर्स, विमानतल और हवाई जहाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हवाई जहाज के अंदर ले जाकर उसमें बैठने का तारीख, सावधानियां से अवगत कराया। बच्चों को वायु सेना की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत ब्रीफ करते हुए भविष्य में इस क्षेत्र में करियर संबंधी भी जानकारी प्रदान किया गया।

### बैल से बाइक की भिड़ंत चालक समेत दो घायल



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम कुड़ाल के पास बाइक गिरकर मौत होने के प्रकरण में पुलिस ने मर्ग किया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक मुकेश कुमार दर्रो 5 मार्च को सुबह मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 9567 में इंदु कोरचे के साथ रंग गुलाल खरीदने ग्राम भानबेड़ा जा रहे थे। मोटर सायकल को मुकेश कुमार दर्रो चला रहा था। मुकेश कुमार दर्रो द्वारा स्वंय मोटर सायकल को तेजगति व लापरवाही पूर्वक उपेक्षापूर्ण चलाते हुए ग्राम कुड़ाल के पास रोड़ पर बैल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से मुकेश कुमार दर्रो का सिर सीमेंट के खंभे में लगने से चोट लगना तथा मोटर सायकल के पीछे बैठे इंदु कोरचे के पैर में चोट लगने से दोनो को एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल भानुप्रतापपुर लाए थे, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मुकेश कुमार दर्रो को मृत होना बताये। मोटर सायकल का चालक मुकेश कुमार दर्रो के द्वारा लापरवाही बरतने से मौत हो होने पर उसके खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### जहर खाए युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** जहर सेवन से मौत होने पर रायपुर के अस्पताल से मर्ग डायरी कांकेर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। अस्पताल से मर्ग डायरी पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक घोटिया निवासी 20 वर्षीय भागवत पिता जेठूराम ने जहर का सेवन कर लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसका 1 मार्च को मौत हो गया।

### संत श्रीसेन महाराज की जयंती कल मनाएंगे

**भानुप्रतापपुर।** संत शिरोमणि श्रीसेन महाराज की जयंती इस वर्ष क्षेत्रीय स्तर पर भानुप्रतापपुर इकाई द्वारा संबलपुर में हर्षोल्लास के साथ 14 को मनाई जाएगी। इस आयोजन में दमकसा, तरहुल, हाटकोंदल, कच्चे संबलपुर, भानुप्रतापपुर सहित आसपास क्षेत्रों में निवासरत सेन समाज के लोग शामिल होंगे। सेन समाज द्वारा प्रतिवर्ष संत शिरोमणि श्री सेन महाराज की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जाती रही है। संत सेन महाराज मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे, जिन्होंने सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता का संदेश ▶▶|शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

## महिला रक्षा टीम ने ताड़ोकी मेले में ग्रामीणों को किया जागरूक





**कांकेर।** महिला रक्षा टीम द्वारा ताड़ोकी में आयोजित तीन दिवसीय मेले जाकर जागरुकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को शराब के सेवन से परिवार व समाज में होने वाले नुकसान, यातायात नियमों के उल्लंघन से जान माल की क्षति, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, साइबर अपराध, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध के बारे में विस्तार से समझाने के पश्चात इससे बचने के उपाय एवं बरतने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया गया। इसके साथ ही महिलाओं एवं छात्राओं को अभिव्यक्ति एप की जानकारी देकर इसकी कार्यप्रणाली एवं ऑनलाइन शिकायत करने के तरीके के बारे में बताकर 20 से अधिक संख्या में डाउनलोड कराया गया। कई जगहों में पुलिस द्वारा शिकायत पेटी लगाई गई है, इसकी भी जानकारी दी गई। किस प्रकार शिकायत पेटी के माध्यम से अपनी समस्या या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दे सकतीं हैं।

**टीम ने छात्राओं को बताया, गुड टच- बैड टचः** छात्राओं को गुड टच, बैड टच, बाल विवाह, पाक्सो एक्ट, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के बारे में जानकारी दी। छात्राओं से संवाद कर अपनी बचाव अपनी सुरक्षा के लिए सेल्फ डिफेंस का डेमो दिखाकर जागरूक किया गया।

# भैसाकन्हार में चला स्वच्छता अभियान व वरिष्ठ कार्यकर्ता का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे गांव चलो–बस्ती चलो अभियान के तहत रविवार को मंडल कोरर द्वारा शक्ति केंद्र भैसाकन्हार के ग्राम भैसाकन्हार में स्वच्छता अभियान एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं शिगूराम उयके, गोवर्धन कुलदीप, रामबाई उयके एवं फागूराम बोगा को श्रीफल एवं गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। इन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने जनसंघ काल से ही कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखते हुए सक्रिय योगदान दिया है।

अपने अनुभव साझा करते हुए गोवर्धन कुलदीप और सीगू उयके ने बताया कि शुरुआती दौर में कार्यकर्ताओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। गांव-गांव और मोहल्लों में जाने पर लोग उनका मजाक उड़ाते थे, लेकिन कार्यकर्ताओं ने कभी हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में भी साइकिल को कंधे पर उठाकर कीचड़ पार करते हुए संगठन के प्रचार-प्रसार में जुटे रहते थे। भारतीय जनता पार्टी का विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनना उनके संघर्ष और समर्पण का परिणाम है। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री जयना तारम मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं।

### शुरूआती दौर के अनुभव को किया साझा

**जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी**

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी एवं मंडल महामंत्री जय शिवना ने किया, जिन्होंने पूरे आयोजन का संचालन भी किया। कार्यक्रम में जयना तारम एवं जय शिवना ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों और ग्रामीणों को दी।



**इनकी रही मौजूदगी**

इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष आत्माराम बेसरा, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशरफ अली, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल महामंत्री पुनेश चक्रधारी, डूमरकोट बूथ अध्यक्ष अनुज सोलंकी सहित मोहित उयके, नीलम पद्दा, सोमन रावटे, अमिताभ उयके, युवराज उयके, रेवती बाई सेन, जमुना बाई दर्रो, सत्यनारायण दर्रो, नरेश्वर कोरेटी, अमित कोरेटी, रितेश उयके एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

कार्यक्रम : भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित अभियान हुआ संपन्न

# गांव-बस्ती चलो अभियान से लाभान्वित लोगों ने केंद्र और राज्य सरकार का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर 6 से 12 अप्रैल तक चलाए जा रहे गांव बस्ती चलो अभियान का आगाज ग्राम दाबकट्टा में उत्साहपूर्वक किया गया।

अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने गांव में घर-घर पहुंचकर आमजन से सीधा संवाद स्थापित किया और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान की सुविधा, आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपएं तक के निःशुल्क इलाज, जनधन योजना के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने के लाभ, किसान सम्मान निधि के जरिए किसानों को मिलने वाली आर्थिक सहायता तथा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं को दी जा रही सहायता राशि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। गांव में जनसंवाद के दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों से बैठकर चर्चा की और उनकी समस्याओं को भी गंभीरता से सुना। कई हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें पक्का घर मिलने से उनके जीवन में सुरक्षा और स्थिरता आई है। आयुष्मान योजना के लाभार्थियों ने बताया कि गंभीर बीमारियों के इलाज में उन्हें बड़ी आर्थिक राहत मिली है, जिससे उनके परिवार पर बोझ कम हुआ है।




महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। महिलाओं ने बातचीत के दौरान बताया कि इस योजना से उन्हें आर्थिक सहारा मिला है, जिससे वे अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो रही हैं। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। वहीं किसानों ने किसान सम्मान निधि योजना से मिलने वाली राशि को अपनी खेती-किसानी के लिए उपयोगी बताते हुए संतोष व्यक्त किया। अभियान के दौरान ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के बीच खुलकर संवाद हुआ, जिसमें योजनाओं के लाभ, समस्याएं और सुझावों पर चर्चा की गई। अंत में अनेक हितग्राहियों एवं ग्रामीणों ने सरकार की योजनाओं से हुए लाभ को साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं वास्तव में जमीनी स्तर तक पहुंच रही हैं और आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कोषाध्यक्ष एवं कार्यसमिति सदस्य छत्रप्रताप दुग्गा उपस्थित रहें। मतदान केंद्र प्रभारी एवं किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सन्नीराम कोरेटी के नेतृत्व एवं प्रतिनिधित्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, महामंत्री राजीव श्रीवास एवं गिरधारी नरेटी गरिमामयी उपस्थित रहीं। इस प्रकार गांव-बस्ती चलो अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी ने गांव-गांव जाकर जनसंवाद स्थापित करते हुए योजनाओं की जानकारी पहुंचाई, जिससे ग्रामीणों में जागरूकता और विश्वास दोनों ही मजबूत होते नजर आए। इस अवसर पर दयाबती गावड़े, शिवप्रसाद नूरेटी, रुपेश कल्लो, संतुराम कांगे, संजय मरकाम, महाबत्ती नेताम, गीता बाई कोरेटी, श्याम कुमारी कोरेटी, चैती बाई कोमरे, मानकुंवर कुमेटी,राजेश उयके, चैनसिंह गावडे,हलालू मरकाम आदि ग्रामीण उपस्थित रहें।

# पीएम आवास पूर्ण कराने गांव-गांव पहुंची टीम, चलाया विशेष अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल ब्लॉक के हानपत्तरी पंचायत अंतर्गत आश्रित ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत अधूरे एवं अप्रारंभ मकानों को जल्द पूर्ण कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सरपंच, सचिव, आवास मित्र एवं बिहान से जुड़ी महिलाओं की टीम गांव-गांव पहुंचकर हितग्राहियों को जागरूक कर रही है और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दे रही है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिन हितग्राहियों के आवास अभी तक अधूरे हैं या जिन्होंने निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है, वे निर्धारित समयसीमा के भीतर अपना पक्का मकान तैयार करें। टीम द्वारा स्पष्ट रूप से बताया जा रहा है कि यदि कोई हितग्राही समयावधि में आवास निर्माण पूर्ण नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है। ग्रामों में पहुंचकर टीम न केवल निर्माण कार्य की स्थिति का निरीक्षण कर रही है, बल्कि हितग्राहियों को योजना के महत्व और लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दे रही है और साथ ही उन्हें निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है, ताकि सभी पात्र परिवारों को समय पर आवास उपलब्ध हो सके। इस विशेष अभियान में सरपंच, सचिव, आवास मित्र, बिहान से ए फ ए ल सी आ र पी , एफएनएसडब्ल्यू, पशु सखी तथा सक्रिय महिला सहित बड़ी संख्या में बिहान की महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल हैं। स्थानीय प्रशासन का मानना है कि इस तरह के सतत प्रयासों से सभी लंबित आवास शीघ्र पूर्ण होंगे और अन्य पात्र हितग्राहियों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकेगा।

# 18 गढ़ महासभा युवा प्रकोष्ठ की बाइक रैली बड़ेडोंगर हुई रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

18 गढ़ महासभा युवा प्रकोष्ठ गढ़ लोहत्तर के तत्वावधान में 11 एवं 12 अप्रैल को बड़ेडोंगर में आयोजित होने वाले महा अधिवेशन 2026 के प्रचार-प्रसार के लिए एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली में युवाओं ने उत्साह और जोश के साथ भाग लेते हुए पूरे क्षेत्र का माहौल ऊर्जावान बना दिया।

इस बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों को महा अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए प्रेरित करना रहा। रैली के माध्यम से युवाओं ने समाज के प्रति अपनी एकजुटता, जागरूकता और संगठन की ताकत का प्रभावी प्रदर्शन किया। संभाग सचिव विकास राजु नायक एवं गढ़ अध्यक्ष मन्नू दीवान ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देते हैं। साथ ही युवाओं को अपनी जिम्मेदारियों को समझने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने की प्रेरणा भी मिलती है। इस दौरान युवाओं ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे बड़ेडोंगर में आयोजित महा अधिवेशन 2026 में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज की मजबूती व विकास में अपना योगदान दें। रैली पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रही और लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाज के युवाओं को संगठित और जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न नवाचार कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। एक युवा एक जिम्मेदारी जैसे अभियान के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर गढ़ सचिव संतोष राना, कोषाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, गोविन्द दीवान, प्रकाश दीवान, लक्ष्मीकांत देहारी, विनय कश्यप, रवीना दीवान, पुष्पांजली ठाकुर, राधिका दीवान सहित अनेक युवा साथियों ने बाइक रैली में सहभागिता निभाई।



# भाजयुमो का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान केवटी में संपन्न

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा केवटी बूथ में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने ग्रामवासियों के साथ भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया तथा मिठाई वितरित कर खुशियां साझा की।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं में हुए सकारात्मक बदलावों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही, ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेने में आ रही समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह अभियान ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने एवं शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक एवं प्रभावी पहल साबित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष डीकेश साहू, मंडल महामंत्री प्रेम शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव एवं हर्ष साहू, एससी मोर्चा मंडल महामंत्री कौशल रामटेके, मंडल कोषाध्यक्ष राहुल साहू, कार्यालय प्रभारी भक्तेश्वर सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी कनक राजपूत, सह प्रभारी नागेश सेन, टीकम सोनवानी, मोहित विश्वास, सवाई टांक, गणेश आंचला, खिलेश्वर सोनवानी, नरेंद्र यादव, गेंदलाल यादव, रोशन कोरेटी, गजेंद्र सोनवानी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# पारा 40 डिग्री के पार, भीषण तापमान से दुर्गूकोंदल क्षेत्र की जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। दुर्गुकोंदल सहित आसपास के इलाकों में तापमान लगातार 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे लोगों को दिन और रात दोनों समय राहत नहीं मिल पा रही है।

तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। दिन के समय बाहर निकलना लोगों के लिए मुश्किल हो गया है, वहीं घरों के भीतर भी उमस और गर्मी से लोग बेहाल हैं। लू जैसी स्थिति के कारण बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 5 से 7 दिनों तक तापमान में किसी विशेष गिरावट की संभावना नहीं है। यानी लोगों को फिलहाल इसी तरह की तपिश झेलनी पड़ेगी, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे ने बताया कि तेज धूप में लंबे समय तक रहने से शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है, जिससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि लू के प्रमुख लक्षणों में सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी, अत्यधिक प्यास लगना, पेशाब कम होना और बेहोशी शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत सावधानी बरतना जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि अत्यधिक आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। बाहर जाते समय सिर और कान को कपड़े से ढककर रखें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। गर्मी के मौसम में हल्के और सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। डॉक्टरों ने अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल, लस्सी, मट्ठा और फलों के रस का सेवन करने की सलाह दी है। यदि किसी व्यक्ति को चक्कर, उल्टी या तेज बुखार की शिकायत हो, तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर आराम कराना चाहिए और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर उपचार लेना चाहिए। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे गर्मी से बचाव के सभी निर्देशों का पालन करें और सतर्क रहकर अपनी व परिवार की सेहत का ध्यान रखें।

# एक्टिव मदर्स के नेतृत्व में प्राथमिक शाला भिरौद में उत्साहपूर्ण आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

तहसील के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भिरौद में अंगना मा शिक्षा के अंतर्गत पढ़ई तिहार कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और सहभागिता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राशा की प्रधान पाठक दलेश्वरी सिन्हा ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां बच्चों की पहली गुरु होती है। उन्होंने बताया कि घर पर उपलब्ध साधनों के माध्यम से ही बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा मजबूत बनाई जा सकती है। यदि माताएं बच्चों को घर पर ही बुनियादी ज्ञान दें, तो आगे की पढ़ाई उनके लिए सहज और सरल हो जाती है।



माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक प्रेमसिंह नेताम ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक काउंटर लगाए गए थे, जहां माताओं ने बच्चों के साथ मिलकर कई रोचक गतिविधियों में भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाना और माताओं को शिक्षा प्रक्रिया से जोड़ना था। इस वर्ष पढ़ई तिहार में नवाचार करते हुए पहले से चयनित एक्टिव मदर्स को कार्यक्रम संचालन की जिम्मेदारी दी गई। उनके नेतृत्व में गतिविधियों को संचालित किया गया, जिससे कार्यक्रम अधिक प्रभावी और सहभागितापूर्ण बना। इस पहल से माताओं का आत्मविश्वास बढ़ा और वे शिक्षा की मुख्यधारा में सक्रिय रूप से जुड़ीं। कार्यक्रम में प्राशा भिरौद और आंगनबाड़ी के बच्चों ने अपनी माताओं के साथ खेल-खेल में सीखने वाली गतिविधियों में भाग लिया। इस दौरान एफएलएन आकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनकी माताओं को सम्मानित किया गया और साथ ही पढ़ई तिहार में चयनित स्मार्ट माताएं कांता वट्टी, पूर्णिमा मंडावी, रमशीला निषाद एवं दिलेश्वरी नेताम को प्रमाण पत्र, श्रीफल और स्मार्ट माता बैज देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक प्रेमसिंह नेताम, दलेश्वरी सिन्हा, शिक्षक कमलराम मंडावी, गणराज शोरी, गोविंद सिंह पटेल, सहायक शिक्षक हेमा ठाकुर, शारदा निषाद, लता चंद्रवंशी, अनुसूइया मंडावी सहित माताएं उपस्थित रहीं।

## पेज 9 के शेष...

### चारामा में सड़क...

दुरुस्त किया गया, किनारों कि सफाई भी कराई गई। संधारण कार्य पूर्ण होने के बाद उसकी तस्वीरें मुख्य अभियंता को प्रेषित की गईं।

### तपती धूप में...

है। पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई प्रभावित होने के कारण गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर भी असर पड़ा है। इसके साथ ही सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियमों ने भी वितरण प्रक्रिया को जटिल बना दिया है, जिससे आम लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।

### साहू समाज के...

में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, सामाजिक पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए वार्षिक आय-व्यय का विवरण भी समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा के अध्यक्ष काजुराम साहू, प्रदीप सार्वा, पदुम लाल, रेखराम साहू, सोहनलाल साहू, पूनारद साहू, नंदलाल साहू, आयतु राम, अशोक, राधेलाल, भूपेंद्र, लखनलाल, रोमलाल साहू, लोकनाथ साहू, थानसिंग, दिनेश और धनसिंग साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहें।

### ताला तोड़कर दुकान...

गया। इस दौरान टीम को घटनास्थल के आसपास उपलब्ध सीसीटीवी कैमरा एवं साइबर के तकनीकी विवरणों के आधार पर आरोपियों के संबंध में अहम जानकारी प्राप्त हुई। टीम को प्राप्त साक्ष्यों आधार पर शिवा बाल्मिकी और भरत साहू होना बताने पर घेराबंदी कर पकड़ने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। आरोपियों से घटना के संबंध में पुछताछ करने पर बताया कि 9 और 10 अप्रैल की रात को रात ढाई बजें दुकान का ताला तोड़कर थैला में सिगरेट, पान मसाला व खाने के सामान एवं चिल्हर पैसे को चोरी किया और चोरी का समान सिगरेट, पान मसाला, पराग व खाने पीने का सामान को दोनों ने आपस में बाटकर उक्त सामान को छुपाए थे। जो दोनों आरोपियों के द्वारा शांतिनगर कांकेर आंगनबाड़ी के पीछे खण्डहर बाथरूम से निकाल कर आरोपी शिवा बाल्मिकी एवं आरोपी भरत साहू के पेश करने पर एक-एक थैला के अंदर सिगरेट, पान पराग, पान मसाला को बरामद किया गया। प्रकरण के आरोपी शिवा बाल्मिकी थाना कांकेर में कुल 10 अपराध पंजीबद्ध हैं एवं आरोपी भरत साहू का कुल 1 अपराध दर्ज हैं व आरोपी शिवा बाल्मिकी थाना कांकेर के गुण्डा बदमाश की सूची में नाम दर्ज हैं। आरोपियों के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया।

### संत श्रीसेन महाराज...

दिया। नाई (सेन) समाज से जुड़े होने के बावजूद उन्होंने अपने उच्च विचारों और आध्यात्मिक जीवन के माध्यम से समाज में जाति-पाति के भेदभाव को समाप्त करने का प्रयास किया और भाईचारे की भावना को मजबूत किया, जिसके कारण उन्हें संत शिरोमणि के रूप में सम्मान प्राप्त हुआ।

## खबर संक्षेप

### गांव चलो–बस्ती चलो अभियान घर-घर पहुंचकर दी जानकारी



**चारामा।** ग्राम तारस में गांव चलो–बस्ती चलो अभियान के तहत आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों से संपर्क किया और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभ, पात्रता और उनके जीवन में हो रहे सकारात्मक बदलावों के बारे में बताया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए, जिनके समाधान के लिए संबंधित स्तर पर पहल करने का आश्वासन दिया गया। अभियान के माध्यम से सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे ग्रामीणों में योजनाओं के प्रति जागरूकता और विश्वास बढ़ा है। कार्यक्रम के दौरान हर गांव, हर बस्ती तक विकास पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का नेतृत्व किसान मोर्चा के जिला महामंत्री खेम तिवारी ने किया। अतिथियों अशोक देवांगन, मेघनाथ साहू, तकेंद्र साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत चरभटी निवासी 26 वर्षीय नंदकिशोर नेताम पिता बजेसिंह नेताम हाल निवास श्रीगुहान ने फांसी लगा लिया, जिससे युवक का मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक का 10 अप्रैल को फांसी लगा लिया, जिसके कारण मौत हो गया। मृतक द्वारा फांसी लगाने के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# टांहकापार में पुल को मिली स्वीकृति, सीएम को दिया भूमिपूजन का न्योता

**जनप्रतिनिधि व पंचायत प्रमुखों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात**

हरिभूमि न्यूज. ⏭ चारामा

ब्लॉक के ग्राम टांहकापार में महानदी पर बनने वाले वृहद पुल की स्वीकृति से क्षेत्र में खुशी की लहर है। रविवार को ग्राम के जनप्रतिनिधियों और पंचायत प्रमुखों ने प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर मुलाकात कर आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ एवं बस्तर की पहचान महुआ फूल की माला से स्वागत किया तथा श्रीमद्भगवद्गीता भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी मौजूद रहीं, जिनका भी प्रतिनिधिमंडल द्वारा अभिनंदन किया गया।



**ये रहे उपस्थित**

*इस अवसर पर अंकित जैन, मनोज जैन, धरम निषाद, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, ग्राम पटेल सत्यनारायण साहू, उपसरपंच रिकेश्वर हिरवानी, ग्राम समिति प्रमुख उदेराम पटेल, वासुदेव साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।*

ग्रामवासियों ने बताया कि टांहकापार में महानदी पर पुल निर्माण की मांग पिछले 40 वर्षों से की जा रही थी।

यह मार्ग ब्रिटिश काल में नरहरपुर, नगरी और ओडिशा को जोड़ने वाला प्रमुख आवागमन मार्ग हुआ करता था। अब 28 करोड़ रुपए की लागत से पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ कराने तथा भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया, जिसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सहर्ष स्वीकार करते हुए आने का आश्वासन दिया और साथ ही अन्य विकास कार्यों से संबंधित मांगों पर भी सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।

## मातृ शक्ति ने महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया

# सरोना मंडल ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान में जनसंपर्क किया एवं योजनाओं का लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भारतीय जनता पार्टी के सरोना मंडल में प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर चलाया जा रहा गांव चलो बस्ती चलो अभियान सफलतापूर्वक हुआ। अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव पहुंचकर जनसंपर्क किया और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई।

मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने बताया कि सरोना मंडल अंतर्गत 10 बूथ चोरिया, सरोना, डवरखार, धनेसरा, पेंड्रावन, बरकई, दुधावा, मांडाभरी, मुसुरपुट्टा एवं शामतरा का चयन कर सघन रूप से अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद स्थापित कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी गई। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया, वहीं मातृ शक्ति ने महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। अभियान के सफल संचालन में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन एवं मंडल प्रभारी डॉ. देवेंद्र कुमार साहू का विशेष मार्गदर्शन रहा। कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व और निरंतर प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त किया। मंडल प्रभारी डॉ. देवेंद्र कुमार साहू ने कहा कि यह अभियान जनजागरूकता और विकास को नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ है। कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों की



समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों तक बात पहुंचाई। अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, समाज प्रमुखों से मुलाकात, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं लाभार्थियों से संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से भाजपा सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान की दिशा में कार्य कर रही है, जो सेवा और समर्पण का उदाहरण है। अभियान के दौरान देवेंद्र सिंह भाऊ ने ग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना और महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने की जानकारी देते हुए इसे महिलाओं के लिए गर्व का विषय बताया। भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता लगातार गांव-गांव जाकर योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर मीरा सलाम, हीरा मरकाम, ईश्वर कावड़े, मुकेश संचेती, नारायण पोटाई, यशवंत सुरोजिया, जीवन नेताम, बैराग सोरी, अनिल साहू, अशोक निषाद, बबली जायसवाल, रुखदेव यादव, निरंजन गंजीर, देवकरण साहू, किशोर भास्कर, दिनेश पांडे, राजेश कलिहारी, कमलेश भदौरिया, निलेश गोलछा, भागवत जैन, कन्हैया नेताम, भूपेंद्र कुंवर, अमेरिका नेताम, संजय गोलछा, एनबत्ती कोर्राम, वीरेन्द्र साहू, अशोक लुनावत, विष्णु सरोज, बीरेंद्र सिन्हा, नीरज गुप्ता, सुशील पटेल, प्रमोद मरकाम, कुशल दास मानिकपुरी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# केन्द्र व राज्य की योजनाओं से हो रहा शहर व गांवों का विकास



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भारतीय जनता पार्टी मंडल हाराडुला में गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतिम दिवस में शक्ति केंद्र भिरौद के अंतर्गत ग्राम करिहा में घर-घर व्यपाक जनसंपर्क किया गया।

इस दौरान भाजपा जिला मंत्री व हाराडुला मंडल प्रभारी संजय सिन्हा ने ग्रामीणों एवं हितग्राहियों से सीधा संवाद कर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, हर घर जल योजना, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन, किसानों के लिए 3100 प्रति क्विंटल एक मुश्त धान खरीदी जैसे अन्य योजनाओं को विस्तार से ग्रामीणों को बताया। केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं से प्रदेश के एक-एक गांव से लेकर शहर तक का विकास हो रहा है और इसका सीधा असर ग्रामीणों के दैनिक जीवन मे हो रहे बदलाव को देखा जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी का सीधा मूल मंत्र है सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास, गांव के अंतिम से अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुँचे इसके लिए प्रदेश संगठन गांव चलो बस्ती चलो अभियान में लाभार्थियों से रूबरू होकर सीधा संवाद कर रहे है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, मंडल अध्यक्ष हेम मंडावी, महामंत्री दीपंकर सिन्हा, मनोज जैन, जनपद सदस्य संतोषी सिन्हा, गौरव जायसवाल, टिकेश्वर सिन्हा, प्रताप पटेल, द्वारू राम, आनंद नेवेन्द्र, अर्जुन तारम, राघव सिन्हा, ईश्वर पटेल व राम सिन्हा सहित कार्यकर्तागण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनसहयोग संस्था ने मानसिक रूप से असहाय व्यक्ति को दिया सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ बिना भोजना और वस्त्र के शहर में रहा था भटक

शहर की समाजसेवी संस्था जनसहयोग द्वारा रविवार को एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए एक मानसिक रूप से असहाय व्यक्ति की मदद की गई। बीते चार दिनों से संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को सूचना मिल रही थी कि एक अज्ञात मानसिक रोगी बिना भोजन और वस्त्र के शहर में इधर-उधर भटक रहा है तथा अत्यंत कष्ट की स्थिति में है।

सूचना मिलते ही संस्था के सदस्य लगातार दो दिनों तक उस व्यक्ति की तलाश में जुटे रहे। काफी प्रयासों के बाद उसे खोज निकाला गया, हालांकि शुरुआत में वह किसी प्रकार की मदद लेने को तैयार नहीं था। अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के समझाने पर वह धीरे-धीरे सहयोग के लिए राजी हुआ। संस्था के सदस्यों ने उसे भरपेट भोजन कराया, नहाने-धोने की व्यवस्था की और उसके बाल व दाढ़ी भी कटवाए। लंबे समय बाद साफ-सफाई मिलने से वह काफी शांत नजर आया। इसके बाद संस्था द्वारा उसे नए कपड़े भी पहनाए गए। हालांकि उक्त व्यक्ति अपना नाम और पता बताने में असमर्थ है। ऐसे में जन सहयोग संस्था ने आम



नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई उसे पहचानता हो या उसके बारे में जानकारी रखता हो तो आगे आकर सूचित करें। संस्था ने यह भी आश्वासन दिया है कि संबंधित व्यक्ति को उसके घर तक सुरक्षित पहुंचाने की पूरी जिम्मेदारी वह स्वयं उठाएगी।

**इनका रहा योगदान**

इस सेवा कार्य में अध्यक्ष के साथ भूतपूर्व सैनिक टीके जैन, करण नेताम, शैलेंद्र देहारी, नागेश देहारी, दीपक देहारी, लखन देहारी, संजय कुंजाम, सरकार सिंह, भुवनेश्वर यादव, शंभू यादव और शंकर रजक सहित अन्य समाजसेवियों ने सक्रिय योगदान दिया।

# खेल के मैदान से अपराध नियंत्रण तक, मोर मितान की पहल ने जीता ग्रामीणों का दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ पुलिस ने किए हटकोंगरा, कुरना, पुष्पवाड़ा, पुसावन और सतलोर में विशेष कार्यक्रम

सामुदायिक पुलिसिंग को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए कांकेर पुलिस ने मोर मितान अभियान के तहत जनसंवाद और जन-कल्याण की एक सराहनीय मिसाल पेश की है। पुलिस और जनता के बीच की दूरी मिटाने के उद्देश्य से थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत हटकोंगरा, कुरना, पुष्पवाड़ा, पुसावन और सतलोर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

थाना प्रभारी प्रतीक बनसोडे के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने ग्रामीणों और युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए क्रिकेट और वॉलीबॉल किट का वितरण किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल के माध्यम से अनुशासन से जोड़ना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक



बुराइयों से दूर रखना है। चलित थाना के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में सुरक्षा और जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को सायबर फ्रॉड से बचने के तरीके समझाते हुए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और महिला सुरक्षा टीम की त्वरित कार्रवाई व निगरानी के संबंध में विस्तार से बताया। साथ ही यातायात नियमों के पालन, चिटफंड संबंधी धोखाधड़ी से बचाव और गांव में आने वाले बाहरी व्यक्तियों के प्रति सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों को जागरूक किया गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल बीट आरक्षक को सूचित करें। इसके अतिरिक्त बाल विवाह और मानव तस्करी जैसे अपराधों पर रोक लगाने हेतु सामाजिक सहभागिता का आह्वान किया गया। पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बिठाने के लिए डिजिटल कनेक्टिविटी पर भी काम किया गया, जिसके तहत ग्रामीणों को पुलिस के साथ सीधे जोड़ने के लिए वॉट्सऐप ग्रुप बनाने की पहल की गई। इस माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं को सुगमता से रख सकेंगे। इस पूरे अभियान को सफल बनाने में थाना प्रभारी के साथ बीट प्रभारी उपनिरीक्षक मनोरथ जोशी, दयालुराम साहू, आरक्षक शक्ति सिंह, वयत सरोज और थाना पेट्रोलिंग टीम की सक्रिय भूमिका रही। कांकेर पुलिस की यह पहल न केवल अपराध नियंत्रण में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि इससे पुलिस और आम जन के बीच अटूट विश्वास का नया अध्याय भी शुरू हुआ है।

# छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर शिक्षक प्रशिक्षण सह कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर आधारित एक गतिशील क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण सहःकार्यशाला का संचालन नितिन श्रीवास्तव और सबिता चतुर्वेदी द्वारा किया गया, जिसमें शिक्षकों को छात्रों के भावनात्मक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

सबिता चतुर्वेदी द्वारा बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर स्कूली शिक्षकों को ट्रेनिग दिया गया। उन्होंने बताया कि छात्र जीवन बहुत महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इसके साथ कई प्रकार के दबाव भी जुड़े होते हैं-जैसे पढ़ाई का तनाव, परीक्षा का डर, प्रतियोगिता और भविष्य की चिंता ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। मानसिक स्वास्थ्य का अर्थ है व्यक्ति का भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ होना। यह इस बात को प्राभावित करना है कि हम कैसे सोचते है, महसूस करते हैं और व्यवहार करते हैं। आजकल छात्रों में कई समस्याएँ देखने को मिलती है तनाव, चिंता, अवसाद, आत्मविश्वास की कमी, पढ़ाई और करियर का दबाव। कारण अधिक पढ़ाई का दबाव, माता-पिता और समाज की अपेक्षाएँ, सोशल मीडिया का प्रभाव, समय प्रबंधन की कमी, नींद और आराम की कमी। मानसिक स्वास्थ्य सुधारने के उपाय नियमित दिनचर्या बनाएं, योग और ध्यान करें, पर्याप्त नींद लें, सोशल मीडिया का सीमित उपयोग करें। छात्रों के लिए मानसिंक स्वास्थ्य उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। अगर हम अपने मन को स्वस्थ



रखेंगे, तो हम अपने लक्ष्यों को बेहतर तरीके से प्राप्त कर पाएँगे। नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य का अच्छा होना छात्रों के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल उनकी पढ़ाई में सुधार करना है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होता है। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए छात्रों को नियमित दिनचर्या अपनानी चाहिए, अपनी मन की बात दूसरों से साझा करनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण छात्रों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षा प्रणाली का एक व्यवस्थित ढांचा के बारे बताते हुये कविता, कहानी एवं अन्य माध्यम से बच्चों के लिए नैतिक शिक्षण प्रदान करने के लिए प्रेरदायक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला का समापन शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ भावनात्मक सुरक्षा को प्राथमिकता देने के संकल्प के साथ हुआ। स्कूल प्रबंधन ने संसाधन व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य केवल अच्छे अंक लाने वाले छात्र नहीं बल्कि मानसिक रूप से सशक्त नागरिक तैयार करना है। कार्यक्रम में प्राचार्य रश्मि रजक, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू एवं अन्य स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

**फर्जी खबरों के सहारे कांग्रेस की राजनीतिक माहौल बनाने की कोशिशः मंडल अध्यक्ष**

# 40 कार्यकर्ताओं के कांग्रेस प्रवेश का दावा झूठा : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने भानुप्रतापपुर विधायक के उस दावे को सिरे से खारिज किया है, जिसमें 40 भाजपा कार्यकर्ताओं के कांग्रेस में शामिल होने की बात कही गई थी। उन्होंने इसे पूरी तरह भ्रामक और निराधार बताते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने कहा कि देशभर में घटते जनाधार और जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस पार्टी अब फर्जी खबरों के सहारे राजनीतिक माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के भीतर गुटबाजी चरम पर है, जिससे घबराकर पार्टी के नेता निम्न स्तर की राजनीति पर उतर आए हैं। उन्होंने बताया कि बीते शुक्रवार को चिल्हाटी में आयोजित एक निजी गृह प्रवेश कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक शामिल हुई थीं। उसी कार्यक्रम को लेकर गोदी मीडिया के माध्यम से यह दावा किया गया कि 40 भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए हैं, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। भाजपा मंडल



अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि उक्त कार्यक्रम में मौजूद लोग परिवार एवं पड़ोस के आम नागरिक थे, जिनका भारतीय जनता पार्टी से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जहां हर प्राथमिक सदस्य का यूनिक आईडी नंबर होता है और विधिवत सदस्यता अभियान के तहत ही सदस्य बनाए जाते हैं। कांग्रेस द्वारा 40 लोगों के भाजपा छोड़कर शामिल होने का दावा हास्यास्पद है और जनता को गुमराह करने का प्रयास है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह निजी कार्यक्रमों में शामिल आम लोगों को भाजपा कार्यकर्ता बताकर वाहवाही लूटने की कोशिश कर रही है। यह भी दावा किया कि जिन 40 लोगों के कांग्रेस प्रवेश की बात कही जा रही है, उनका भाजपा से कोई लेना-देना नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उमाशंकर टेमुन्ना नामक व्यक्ति पर हाल ही में जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसका तंत्र फर्जी खबरों की फैक्ट्री बन चुका है और इस तरह के झूठे दावों के जरिए जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे जनता भली-भांति समझ चुकी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411